डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 131 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 23 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## एमपी बोर्ड परीक्षा 25 से ...

### मंदसौर में तैयारियां पूरी

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में एमपी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी पूरी हो चुकी है। जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय से सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को परीक्षा सामग्री का वितरण कर दिया गया है। 25 फरवरी से हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं शुरू होंगी, जबकि हाई स्कूल की परीक्षाएं 27 फरवरी से आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगे। इसके लिए जिले में कुल 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 5 केंद्रों को अतिसंवेदनशील और 3 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ष, कक्षा 10वीं के 17 हजार 409 और कक्षा 12वीं के 11हजार 711 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दसवीं की परीक्षाएं 19 मार्च तक चलेंगी, जबकि बारहवीं की परीक्षाएं 25 मार्च तक जारी रहेंगी। परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।




# पड़ोसी शराब कारोबारियों के मुंह में आ रहा पानी..!

## डायरी सिस्टम वाले भी बैठा रहे जुगाड़, मदिरा के धंधे से जुड़े लोग बैठाने लगे गणित ज्ञान

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। नए वित्तीय वर्ष में 01 अप्रैल से मंदसौर नगर पालिका क्षेत्र में शराब के ठेकों पर ताले लग जाएगे। ऐसे में शराब के धंधे से जुड़े छोटे बड़े लोग जुगाड़ बैठाने में जुट गए है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जमकर ऑल इज वेल फिलिंग कर रहे हैं पड़ोसी राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के शराब कारोबारी। विशेषकर मंदसौर जिले के टच होने वाली सीमा में आने वाले शराब के ठेके चलाने वालों ने 01 अप्रैल से पहले ही सारी प्लानिंग कर ली है। इसके अलावा मंदसौर शहर में जरूर शराब बंदी होगी। लेकिन, आसपास के पंचायत क्षेत्रों में जाहिर सी बात है कि शराब दुकाने यथावत रहेगी। यही कारण है कि ठेकेदार और डायरी सिस्टम से जुड़े छोटे मोटे लोग भी जुगाड़ तुगाड़ में लगे हुए है।**

### बियर बार डेवलपमेंट की तैयारी...

जिले से सटे राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में कुणी और इसके आसपास भी बियर बार है। अभी भी शराब प्रेमी राजस्थानी माल का आनंद लेने के लिए वहां पहुंचते हैं। इसका कारण है वहां के कम दाम और कहीं न कहीं अच्छी बैठक सुविधा। यहां की बैठक व्यवस्था भी शराब प्रेमियों को खासी पसंद आती है। अब शराब बंदी के बाद वहां के बियर बार चलाने के साथ ही बिना लाईसेंस के बैठाकर पिलाने वाले ढाबा संचालक भी दुकानदारी को और ज्यादा डेवलप करने में जुट गए है।

### कई लोग बेरोजगार, कई दुकानें प्रभावित...

वैसे तो श्री पशुपतिनाथजी की पवित्र नगरी मंदसौर में शराब बंदी स्वागत योग्य कदम है। लेकिन, एक पहलू यह भी है कि इस निर्णय के बाद कई लोगों की रोजी रोटी पर संकट आन पड़ा है। ठेकों के बाहर ठेले पर चना-सिंगदाना और दुकानों पर डिस्पोजल और कुरकूरे लटके देखे जा सकते हैं। ठेकों के बाहर दिखने वाले यह दुकानदार या व्यवसायी सिर्फ शराब प्रेमियों की बदौलत ही घर चला पा रहे हैं। वहीं बाहर से आकर भी शराब ठेकेदार के यहां लोग काम कर रहे हैं। इसके अलावा शहर की बियर बारों में भी बड़ा स्टॉफ काम करता है। जिन्हें फिलहाल दूसरा काम धंधा तलाशना होगा। वहीं शराब की खाली बॉटल, पानी की खाली बॉटलें से कबाड़ी व्यवसाय से जुड़े लोग भी प्रभावित होगे।

### इसलिए प्रतापगढ़ जिले के शराब ठेकेदारों को होगा फायदा...

एक बात जहन में यह आती है कि लोग जग्गाखेड़ी या अन्य आसपास की पंचायतों में मौजूद शराब की दुकान से शराब खरीद सकते हैं। प्रतापगढ़ क्षेत्र में जाने की जरुरी नहीं, लेकिन प्रतापगढ़ के कुणी व इसके आसपास के इलाके इसलिए बुलाएंगे, क्योंकि मंदसौर में शराब के दाम और ज्यादा महंगे होने वाले हैं। शराब नीति के तहत जिन शहरों में शराब बंदी हुई है, उनमें जिले की अन्य दुकानें 20-25 प्रतिशत से ज्यादा में दी जाएगी। मतलब साफ है कि शराब के दाम भी 20-25 प्रतिशतमहंगे होगे। ऐसे में वर्तमान दाम से भी कम दाम में प्रतापगढ़ जिले के शराब व्यवसायी शराब उपलब्ध कराएंगे। जहां मंदसौर जिले में 1000 रुपए की बॉटल 1250 रुपए में मिलेगी। वहीं यह बॉटल प्रतापगढ़ क्षेत्र के बियर बार में ही 900-1000 तक में उपलब्ध हो जाएगी।



### पहले गांव में डायरी, अब शहर में डायरी...

अभी तक डायरी सिस्टम से अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। ठेकेदार द्वारा गांवों में शराब बेचने के लिए कमीशन एजेंट की तर्ज पर किसी व्यक्ति को नियुक्त कर दिया जाता है। इसके लिए उसे हर क्वार्टर पर 8 से 10 रुपए कमीशन दिया जाता है। ठेकेदारों ने जिले के प्रत्येक गांवों में इस तरह के 3 से 4 एजेंट बना रखे हैं। प्रत्येक एजेंट रोज करीब 10 से 12 हजार रुपए की शराब बेचकर कमीशन कमाता है। आबकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विभाग ने अब तक किसी भी डायरी वाले के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया है। ऐसे में यह अवैध धंधा पहले ही आबकारी विभाग बिना बोले वैध मान चुका है। लेकिन, अब शहर में शराब बंदी के बाद परिस्थितियां बदलेगी। गांव में ठेके होंगे और इसके बाद डायरी सिस्टम मंदसौर शहर में शुरु होगा। इसको लेकर डायरी सिस्टम से जुडे लोग सक्रिय होकर जुगाड़ बैठा रहे हैं।

# बिना अनुमति डीजे बजाया, दो डीजे संचालकों पर एफआईआर

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में बिना अनुमति डीजे बजाने पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। शहर कोतवाली व वायडी नगर पुलिस ने डीजे संचालको के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पहली घटना गांधी चौराहे की है, जहां शुक्रवार को एक बारात में पिकअप वाहन पर तेज आवाज में डीजे बज रहा था। आरोपी की पहचान अंकित अहिरवार के रूप में हुई है। वह माल्या खेरखेड़ा, नाहरगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने जब अंकित से डीजे बजाने की अनुमति मांगी, तो वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसी तरह यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के यश नगर में तेज गति से डीजे बजाने पर डीजे संचालक राजेश दमामी के विरुद्ध थाना वायडी नगर द्वारा एफआईआर दर्ज की गई। मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। यश नगर में तेज आवाज में डीजे बजाने की सुचना मिलने पर जांच की गई। जिसमें यशनगर पुलिया पर एक जुलुस में डीजे वाला बहुत तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। जिसके पास कोई अनुमति नहीं थी।

बता दें कि जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद अंकित व राजेश ने जिला प्रशासन और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की। पुलिस ने भीड़भाड़ और माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए दोनो पिकअप वाहन जिन पर डीजे सेट लगा हुआ था, उपकरण सहित जब्त कर लिए। दोनो आरोपियो के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 और मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




## चरवाहा परिवार पर मधुमक्खियों का हमला

### सात जन घायल, दो किशोर समेत चार की हालत स्थिर

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाना क्षेत्र के धनेरिया रोड पर मधुमक्खियों ने भेड़ चरा रहे चरवाहों पर हमला कर दिया। इस हादसे में एक ही परिवार के 07 लोग घायल हो गए। राजस्थान के पाली जिले के बड़गुड़ा से आया रेबारी परिवार भेड़ चराते हुए जावद की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक खेत के पास जंगल में पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे।

घायलों को पहले जावद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से 05 लोगों को नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया। दो घायलों का जावद अस्पताल में ही इलाज चल रहा है। बड़े अस्पताल में भर्ती मरीजों में सुमन उम्र 16 वर्ष और शंकर (दोनों हरजी रेबारी के बच्चे), लक्ष्मी उम्र 40 वर्ष पत्नी भींजाराम रेबारी और इंद्रा उम्र 18 वर्ष बीजाराम रेबारी की पत्नी) शामिल हैं। गणेश रेबारी उम्र 52 वर्ष मामूली घायल है। बड़े अस्पताल नीमच के मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है। उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही है। हमले में कई भेड़ें भी घायल हुई हैं।

## आदेश: अधीक्षकों को छात्रावास में रहना अनिवार्य

### उपस्थित नहीं मिले तो कर देंगे कार्यमुक्त

**भोपाल, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित होने वाले छात्रावास और आश्रमों में अधीक्षकों का रात में रुकना अनिवार्य कर दिया है। अकसर शिकायतें मिलती रही कि दिन में तो ये लोग छात्रावास में रहते है। किंतु रात में अपने घरों को चले जाते हैं। नए आदेश से इनकी इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा। हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त श्रीमन शुक्ला की तरफ से सभी सहायक आयुक्तों को ये निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की भी हिदायत दी है। साथ ही कहा कि वे निरंतर छात्रावासों का निरीक्षण करें। जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि रात में अधीक्षक या अधीक्षिका छात्रावास में रहते या नहीं।

आदेश में कहा गया कि जो अधीक्षक रात में छात्रावास में नहीं रुकते हैं और निरीक्षण के दौरान यह स्थिति पाई जाती है तो ऐसे अधीक्षकों को मुक्त करके स्कूलों में भेजा जाए। जो अधीक्षक रात में छात्रावासों में नहीं रुकते हैं, उनकी जानकारी भी ईमेल के जरिये आयुक्त ने मांगी है।

### देना होगा प्रमाण पत्र...

सभी जिलों के अधिकारियों को कहा गया कि वे यह प्रमाण पत्र भी विभाग को दे कि उनके यहां सभी अधीक्षक रात में छात्रावास में रुकते हैं। इसके बाद भी यदि कोई नहीं रुकता है और ऐसा पाया जाता है तो न केवल अधीक्षक वरन जिले के अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### इसलिए उठाया कदम...

✻ ग्रामीण अंचल के छात्रावासों में पंजीकृत विद्यार्थियों से इतर दूसरे लोग भी रहने लगते हैं। ✻ कन्या छात्रावास में रात के समय अधीक्षक नहीं रहने से अनहोनी की आशंका। ✻ कन्या छात्रावास की अधीक्षिकाओं में से 50 फीसदी से ज्यादा रात में नहीं रुकती हैं। ✻ रात के समय छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होने के कारण।

# हत्या के आरोपी ने थाने में खुद को लगाई आग

### चार पुलिसवालों के हाथ झुलसे

**रतलाम, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हत्या के एक आरोपी ने थाने के अंदर खुद को आग लगा ली। आग बुझाने में 04 पुलिस वालो के हाथ झुलस गए। युवक को अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया है।

घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। अजय पंवार नाम का युवक नशे की हालत में डीडी नगर पुलिस थाने में पहुंचा। वह बाहर से ही खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आया था। अजय कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाने लगा। पुलिसकर्मी उसे समझा रहे थे तभी शोर-शराबा करते हुए उसने माचिस जला कर खुद को आग लगा ली। वह 50 प्रतिशत तक झुलस गया। आग बुझाने में चार पुलिस वाले हेड कॉन्स्टेबल राजेंद्र मेवाड़ा, कॉन्स्टेबल राकेश, एएसआई मुरली मकवाना और पुलिसकर्मी जगदीश के हाथ झुलस गए। पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बताया गया है कि अजय पंवार पर हत्या समेत 06 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### ऑटो चालक की हत्या का आरोपी है अजय...

पुलिस के अनुसार, अजय शहर में एक ऑटो चालक की हत्या का आरोपी है। मामले में कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कुछ दिन से वह जमानत पर था। इसी मामले में 09 जनवरी को गवाहों के खिलाफ वह मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा चुका है। उसने शिकायत में बताया था कि 28 दिसंबर को गवाहों ने उससे मारपीट की थी। उसकी शिकायत पर पुलिस ने ईश्वर नगर के रहने वाले करण कटारा, राहुल कटारा, मुकेश कटारा, कला कटारा, अनीता कटारा, विकास पोरवाल और आयन के खिलाफ मामला दर्ज किया था।





## शादी के कपड़े लेने जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

**सुवासरा, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शादी के लिए कपडे लेने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों की सडक हादसे में मौत हो गई। जबकि, एक युवक घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर उस वक्त हुआ जब एक कार सवार ने मृतकों की मोटरसायकल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। जानकारी के अनुसार मोटरसायकल पर सवार होकर सुरज पिता अमरसिंह बंजारा, अरूण पिता भारमल बंजारा और श्रवण पिता राजू बंजारा निवासी बंजारा मोहल्ला अपने परिजनों के साथ शादी के लिए शामगढ कपडे खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार सवार ने पीछे से बाइक को टक्कर मारी जिससे सुरज और अरूण की मौत हो गई। श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड ले जाया गया। ईधर घटना के बाद कार सवार फरार हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

**SAINIK SCHOOL MANDSAUR**
**Sanjeet Marg, Mandsaur**

CONTACT NO.- 9479316360,7869000301,9425922001

**REQUIREMENT FOR TEACHERS 2025-26**


| Post | Qualification | Eligibility |
|---|---|---|
| ADMINISTRATIVE HEAD | Post Graduate+B.Ed/M.Ed/M.Phil | * 04 years experience in teaching.<br>* 02 years experience in administrative block.<br>* Fluency in English. |
| **Post** | **Qualification** | **Subject** |
| TGT | Post Graduate+B.Ed/M.Ed/M.Phil | * English<br>* Maths<br>* Hindi<br>* Cheminstry<br>* Physics<br>* Social Science<br>* Computer<br>* Language Lab Incharge<br>* Music teacher<br>* Sports teacher- preference to Ex-Army |
| **Post** | **Qualification** | **Eligibility** |
| Lady Warden | Graduate | * 02 years experience |
| Language lab technician | Graduate | * 02 years experience as a lab technician.<br>* Fluency in English. |
| Computer Operator | Graduate+DCA/PGDCA | * 02 years experience as a computer operator. |
| Male Nurse | BSc/GNM/ANM | * 02 years nursing experience |
| Receptionist | Graduate+DCA/PGDCA | * 02 years experience as a receptionist.<br>* Fluency in English. |

**1- Salary As per Qualification (No Limit of Salary for the devoted, qualified and experienced teachers)**
2. Application Form will be available at svm cbse Office for teacher in Rs.200/- only.
**4. Last Date of form submission is 05 March 2025**
5. Selection will be done on the Basis of Written Exam, Demo & Interview.
6. PF, ESIC, Residential and other Facilities are available.
**Office Time- 8.30 AM to 3.00 PM**

Secretary

# साइबर अपराधों की संख्या बढ़ेगी और तरीके बदलेंगे, सतर्कता बढ़ाना होगी ...

**मंदसौर/उज्जैन, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तकनीक के इस युग में आर्थिक साइबर क्राइम के तरीके आसान और सुरक्षित भी होने लगे हैं। कोई भी जानकार एक देश से दूसरे देश के किसी व्यक्ति के खाते से आसानी से पैसे निकाल लेता है। ऐसे ही साइबर फ्रॉड के माध्यम से बीते साल के शुरुआती छह महीनों में 11 हजार 2 69 करोड़ रूपया साइबर फ्रॉड कर भारत से बाहर ले जाया गया है। इस घटना के बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन इंडिया साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन केंद्र शाखा को स्थापित किया गया है। जिसकी प्रत्येक राज्य में शाखा भी बना दी गई है। अभी तक भारतीयों को साइबर फ्रॉड कर एक लाख 20 हजार करोड़ रूपयों का चूना लगाया जा चुका है। यह आंकड़े देश की जीडीपी तक को प्रभावित करने वाले हैं। ऐसे फ्रॉड का कई बैंकर्स भी फायदा उठा रहे हैं। अपराध करने वाले शिक्षित बेरोजगार को नौकरी देने के बहाने अपने कॉल सेंटर पर बैठाकर उनके आईडी का उपयोग कर ऐसे साइबर अपराध कराते हैं और फिर कानूनी कार्रवाइयों के नाम से डरा कर उन्हें ब्लैकमेल भी करते हैं।



चन्द्रमोहन भगत

ऐसे सेंटर से पहले सामान्य नागरिक को फोन आता है कि आपके अकाउंट में गलती से हमारी राशि आ गई है, कृपया वापस कर दें। इस बहाने नागरिक के अकाउंट नंबर के साथ डेबिट कार्ड, पेन कार्ड वह अन्य जानकारी हथियाने के प्रयास किए जाते हैं। अगर सफल हो जाते हैं तो इस नंबर से साइबर अपराध का खेल करने लगते हैं। इसके लिए विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के नाम से भी फ्रॉड कर लेते हैं। बीते दिनों अमेजॉन के नाम से फ्रॉड करने का मामला सामने आया था, जिसमें सिर्फ नाम की स्पेलिंग के एक शब्द का फोण्ट बदलकर उपभोक्ताओं को फायदेमंद स्कीम दर्शाकर फंसा लिया गया था। जब उपभोक्ता के पास पार्सल पहुंचा तो माल नकली निकला और ठगे जाने का पता चला। ऐसा ही अन्य ख्यात कंपनी के नाम से भी किया जा चुका है, जिनकी डुप्लीकेट साइड बनाकर उपभोक्ताओं को फसाया जा रहा है। एसबीआई की भी फर्जी साइट पाई जाने पर प्रबंधन ने ग्राहकों को सचेत किया है पहले वेबसाइट और मेल एड्रेस देख ले।

साइबर अपराध करने वाले कई गिरोह बन चुके हैं जो किसी दूसरे देश में बैठकर अपने एजेंटों के माध्यम से किसी अन्य देश के नागरिकों को पैसा कमाने का झांसा देकर फंसा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय साइबर क्राइम के जानकारो में नॉर्थ आयरलैंड के स्कैम बाइटर जिम ब्राउनिंग के नाम की चर्चा विशेषज्ञ के तौर पर की जा रही है, जो अपनी तकनीकी योग्यता के सहारे सारी दुनिया में साइबर फ्रॉड करने वाले को पकड़ने की क्षमता रखता हैं। सूत्रों पर भरोसा करें तो यह कॉल सेंटर तक पहुंच कर अपराधियों के चेहरे तक दिखा देता है। साथ ही अपनी जानकारी साझा करने को भी तैयार है। भारत में भी कई राज्यों में साइबर क्राइम करने वालों ने कॉल सेंटर स्थापित कर लिए हैं जो विदेशी नागरिकों के साथ धोखा धडी करते हैं। वहीं विदेशी कॉल सेंटर वाले हमारे देश में।

भारत सरकार पहल कर विदेशी कॉल सेंटरों से 60 भारतीय युवाओं को छुड़ाकर भी लाई है। जिन्हें रोजगार के नाम से बुलाकर बलात सेंटर पर साइबर फ्रॉड का काम कराया जा रहा था। बैंकर्स भी साइबर अपराध होने का फायदा उठा रहे हैं। अगर किसी के खाते में फ्रॉड का पैसा आता है, तब पुलिस भी उस व्यक्ति का खाता सीज करा देती है। जबकि, नियमानुसार जीतनी राशि का फ्रॉड पाया गया है उतनी ही राशि को अलग कर रोका जाना चाहिए। फिर खाता धारक से बड़ी राशि लेकर खाता खोले जाने का धंधा भी बैंकर्स द्वारा किया जा रहा है। ऐसे अपराध रोकने के लिए कई बार सरकारें हिदायत भी जारी करती है पर आम खाताधारक से लेकर समझदार तक लालच में उलझ जाते हैं। आजकल ऑन लाइन खरीदी का चलन बढ़ गया है। ऐसी खरीदी करने के लिए आर्डर करने के समय पहले कंपनी का वेबसाइट तथा ईमेल ऐड्रेस और नाम की स्पेलिंग व फोण्ट अच्छे से चेक कर साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है।

# हमारी निवेश नीति देश में सबसे अच्छी, जितने चाहे उद्योग लगाएं, सरकार आपके साथ है-मुख्यमंत्री

## मप्र असीम संभावनाओं का प्रदेश है, यहां निवेश भी कीजिए और जीआईएस की मेजबानी भी

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश असीम संभावनाओं का प्रदेश है। मध्यप्रदेश की देश में केन्द्रीय स्थिति इसे और भी अधिक विशेष बनाती है। म.प्र. के औद्योगिक विकास के लिए हमारी सरकार ने जो नई निवेश नीति बनाई है, वह देश में सबसे बेहतर है, सबसे अच्छी है। आप जितने चाहे उतने उद्योग लगाइए, सरकार हर पल, हर कदम पर आपके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सहित अन्य उद्योगपतियों से चर्चा के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने वाले निवेशक सदैव लाभ में रहे हैं। आप जैसे चाहें वैसे उद्योग लगाएं और मुनाफा कमाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1100 से अधिक औद्योगिक इकाईयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय प्रोत्साहन राशि पारदर्शी तरीके से डीबीटी से हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और भोपाल के निवेशक बेहिचक न केवल निवेश करें, बल्कि 24-25 फरवरी को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की मेजबानी भी करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में हो रहा एक वैश्विक समागम है और यह एक अत्यंत ऐतिहासिक अवसर होने जा रहा है। देश-विदेश से यहां आने वाले निवेशक हमारे मेहमान हैं। उनके स्वागत में कोई कमी न रहें, जो भी भोपाल आए, वह एक अच्छी स्मृति लेकर ही जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में मध्यप्रदेश का देश में 7वां स्थान है। यह प्रदेश का सबसे उभरता हुआ सेक्टर है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि प्रदेश में हर प्रकार के उत्पादों से जुड़े नए उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन किया जाएगा। साथ ही वर्तमान में चल रहे पुराने उद्योगों को भी जरूरी मदद मुहैया कराएंगे। पुराने उद्योगों को यदि आवश्यकता होगी, तो मांगे जाने पर उन्हें नवकरणीय ऊर्जा के जरिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के बजट की एक-एक राशि जनता के समग्र कल्याण और प्रदेश के औद्योगिक विकास में व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि हम नए वित्त वर्ष में सरकार के बजट को 4 लाख करोड़ रूपए तक लेकर जाने की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार उद्योगों को सभी जरूरी मदद और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने सदैव अपने वचन का पालन किया और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि नई निवेश नीति में हमारी सरकार महिला उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने का प्रावधान करने जा रही है। उद्योगपतियों को मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल परिसर तैयार करने में, तो सरकार एक निश्चित सीमा तक छूट देगी। हम इंडस्ट्रियल परिसर में आवासीय गुजाइंश को भी अनुमति योग्य करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि हमारी सरकार उद्योग ऋण पर ब्याज में समुचित सीमा तक छूट भी देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी उद्योगपतियों से रू-ब-रू संवाद किया और कहा कि भोपाल में हो रही जीआईएस मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में एकमील का पत्थर साबित होगी, इसकी सफलता के लिए सबका सहयोग और सहभागिता जरूरी है।



खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए हम मध्यप्रदेश के समेकित विकास की ओर बढ़े हैं। हमारी देश के सभी अंचलों से कनेक्टिविटी, यहां का ईको सिस्टम, यहां की आबो-हवा सबसे अच्छी है। जीआईएस भोपाल के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने भोपाल में जीआईएस आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए उद्योगपतियों से कहा कि निवेश किसी राज्य की समृद्धि का बड़ा आधार है। निवेश कीजिए और जीआईएस को सफल बनाकर मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाने में भागीदार बनिए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश के उत्पादों का अधिक से अधिक निर्यात हो, इसकेलिए हमारी सरकार ने हर स्तर पर उद्योगपतियों और निवेशकों को प्रोत्साहन दिया है। मध्यप्रदेश से कच्चा माल और अपना निर्मित देश के किसी भी कोने में पहुंचाना आसान है, फिर भी प्रोत्साहन स्वरूप हमारी सरकार उद्योगों को माल भाड़े में 50 प्रतिशत से अधिक राशि का अनुदान दे रही है। नए उद्योगों का यहां हमेशा स्वागत है। उन्होंने कहा कि पुराने उद्योगो को भी हम अतिरिक्त मदद देकर उनको और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रमुख सचिव औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने भोपाल में हो रही जीआईएस की समन्वित रूपरेखा की जानकारी देते हुए निवेशकों और उद्योगपतियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि जीआईएस का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जीआईएस के मंच से मध्यप्रदेश की सभी नवीन औद्योगिक, निवेश व अन्य नीतियों को डिजिटली लांच करेंगे। इसके समापन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे। जीआईएस में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि आएंगे। इसमें विभिन्न विषयों पर विभागीय सम्मेलन, प्रवासी सम्मेलन, कंट्री सेशन, थीमेटिक सेशन व अन्य गतिविधियां भी होंगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से जीआईएस में सक्रिय भागीदारी करने और इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। आभार प्रदर्शन सचिव श्रीमती प्रियंका दास ने किया। इस अवसर पर श्री दिलीप कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने की उद्योगपतियों से चर्चा**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से आत्मीय चर्चा की। इंडस्ट्री एसोसिएशन के श्री राधाशरण गोस्वामी ने कहा कि पिछले एक साल में हमारा सरकार की नीतियों पर विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विकास दर 30 प्रतिशत की दर से बढ़ने वाली है, इससे प्रदेश में रोजगार बढ़ेंगे, समृद्धि आएगी। लघु उद्योग भारती के श्री अतीत अग्रवाल ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश में अद्भुत और अकल्पनीय औद्योगिक वातावरण तैयार हुआ है। जीआईएस के बेहद सुखद परिणाम आने वाले हैं। गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र संगठन के श्री विक्रम गौर ने कहा कि सरकार ने जो नई निवेश नीति तैयार की है, वह सबके लिए लाभकारी है। उन्होंने उद्योगपतियों के हित में इतनी अच्छी निवेश नीति तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह एक ऊर्जावान नेतृत्व की ऊर्जामय नीति है। डिक्की के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल सिरवैया ने कहा कि सरकार की नई निवेश नीति में प्रदेश के समेकित विकास की झलक दिखाई देती है। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए सरकार के नवाचारी प्रयास नि:संदेह सराहनीय है। मावे और लघु उद्योग भारती की प्रतिनिधि श्रीमती रेणु नायक ने मुख्यमंत्री से महिला उद्यमियों के लिए और अधिक प्रोत्साहित करने वाले प्रावधान किए जाने तथा मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किए जाने की मांग रखी। उन्होंने आशा जताई कि जीआईएस से प्रदेश के हित में बेहद पॉजिटिव रिजल्ट सामने आएंगे।

# हमला करने वाले 8 आरोपियों को 5-5 साल की सजा एवं जुर्माना

**सीतामऊ/मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय: माननीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय (श्रीमान मुनेन्द्र सिंह वर्मा), सीतामऊ द्वारा आरोपीगण 01. सदु उर्फ शादाब पिता रईस मिस्त्री, उम्र 23 वर्ष, 02. फिरोज खां पिता सलीम खां उर्फ मिथुन पठान, उम्र 25 वर्ष, 03. बुलबुल उर्फ शादाब पिता रईस खां उर्फ भूरे खां पठान, उम्र 21 वर्ष, 04. शाहरूख उर्फ आलू पिता सलीम उर्फ मिथुन पठान, उम्र 25 वर्ष, 05. सोनू पिता सलीम उर्फ मिथुन पठान, उम्र 26 वर्ष, 06. साजिद उर्फ गोलू पिता रईस मिस्त्री मेवाती, उम्र 21 वर्ष, 07. राहुल मेहर पिता प्रभुलाल मेहर, उम्र 21 वर्ष, 08. नईम उर्फ नईमुद्दीन पिता मोहम्मद सफीक, उम्र 21 वर्ष, सभी निवासी- सुवासरा, जिला मंदसौर (म.प्र.) को फरियादी पवन एवं आहत मनीष के साथ जान से मारने की नियत से तलवार एवं चाकु से हमला करने के आरोप में दोषसिद्ध कर धारा 307 भा.द.वि. में 5-5 साल की सजा एवं जुर्माने से दण्डित किया।

घटना इस प्रकार है कि दिनांक-05.03.2022 को रात्रि करीब 08.00 बजे फरियादी पवन तथा आहत मनीष मोटर सायकल से आ रहे थे तथा पवन मोटर सायकल चला रहा था एवं मनीष पीछे बैठा था जैसे ही रामप्रसाद लौट के घर के सामने पहुंचे आरोपीगण हाथ में तलवार, चाकू एवं लकड़ियां लेकर आये एवं मनीष एवं बुलबुल की पुरानी रंजिश को लेकर सभी ने उनकी मोटर सायकल रोक ली तथा कहा कि इन दोनों को जान से मार देंगे तथा सदु उर्फ शादाब ने पवन के सिर पर तथा फिरोज ने मनीष के सिर पर तलवार से जान से मारने की नियत से वार किया तो वह गाडी छोडकर नीचे झुके तो दोनों को तलवारे सिर में लगती हुई जमीन पर टकरायी तथा मोटर सायकल नहीं गिरती तो उनकी गर्दन कट जाती। आरोपी बुलबुल ने पवन को जान से मारने की नियत से सीने में चाकू मारा जिसे उसने हाथ से पकडा तो शेष आरोपीगण ने उनके साथ लकड़ियों से जान से मारने की नियत से मारपीट करना शुरू कर दी तथा सभी अश्लील शब्द उच्चारित कर चिल्ला रहे थे कि उन्हें जान से खत्म कर देंगे तो वह जान बचाकर वहां से भागे तो आरोपीगण कह रहे थे कि आज तो बच गये आईदा तुम्हारी फाईल निपटा देंगे। चिल्ला चोट की आवाज सुनकर आस पास के लोग बचाने आये तब दारासिंह व सुवासरा के आस पास के लोग उन्हें लेकर अस्पताल आये। फरियादी की उक्त सूचना पर से देहाती नालसी लेखबद्ध कर असल कायमी हेतु सुवासरा थाना भेजी गयी तथा थाना सुवासरा पर उक्त देहाती नालसी पर से आरोपीगण के विरूद्ध अपराध कमांक 76/2022 धारा 147, 148, 149, 307, 341, 323, 294, 506 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपीगण फिरोज एवं सदु उर्फ शादाब द्वारा अवैध रूप से धारदार हथियार तलवार रखने एवं तलवार से आहतगण को चोट पहुंचाये जाने से प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाकर, अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अनुसंधान की संपूर्ण कार्यवाही उप निरीक्षक समरथ सीनम द्वारा की गई।

प्रकरण में फरियादी का अभियुक्तगण से राजीनामा हो गया एवं उनकी ओर से राजीनामा आवेदन पेश किया गया है जिसके आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को धारा 341, 294, 506 भाग-2 भा.द.वि. के अपराध से दोषमुक्त किया जा चुका है किंतु शेष अपराध अशमनीय होने से उनके विरूद्ध धारा 307, 147, 148 भा.द.वि. एवं 25-1(बी)(बी) आर्म्स एक्ट में विचारण जारी कर आरोपीगण को धारा 307, 147, 148 भा.द.वि. एवं 25-1(बी)(बी) आर्म्स एक्ट में दोषसिद्ध किया गया। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय (श्रीमान मुनेन्द्र सिंह वर्मा), सीतामऊद्वारा अभियोजन की ओर से प्रस्तुत तथ्यों एवं तर्कों के आधार पर आरोपीगण 01. सदु उर्फ शादाब पिता रईस मिस्त्री, उम्र 23 वर्ष,02. फिरोज खां पिता सलीम खां उर्फ मिथुन पठान, उम्र 25 वर्ष,03. बुलबुल उर्फ शादाब पिता रईस खां उर्फ भूरे खां पठान, उम्र 21 वर्ष, 04. शाहरूख उर्फ आलू पिता सलीम उर्फ मिथुन पठान, उम्र 25 वर्ष, 05. सोनू पिता सलीम उर्फ मिथुन पठान, उम्र 26 वर्ष, 06. साजिद उर्फ गोलू पिता रईस मिस्त्री मेवाती, उम्र 21 वर्ष, 07. राहुल मेहर पिता प्रभुलाल मेहर, उम्र 21 वर्ष, 08. नईम उर्फ नईमुद्दीन पिता मोहम्मद सफीक, उम्र 21 वर्ष, सभी निवासी- सुवासरा, जिला मंदसौर (म.प्र.) को फरियादी पवन एवं आहत मनीष के साथ जान से मारने की नियत से तलवार एवं चाकु से हमला करने के आरोप में दोषसिद्ध कर धारा 307 भा.द.वि. में 5-5 साल की सजा एवं जुर्माने से दण्डित किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन अपर लोक अभियोजक विजय कुमार पाटीदार (गरोठ- सीतामऊ) एवं ए.डी.पी.ओ. एस. आर. गरवाल द्वारा किया गया।

## दिग्गी बोले-करोड़ों रूपए फूंकने का जरिया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट..!

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भोपाल में 24-25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल करोड़ो रुपए बर्बाद करने का जरिया है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुए एमओयू का हिसाब मांगा। कांग्रेस के सवाल उठाने पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस अलग-अलग बहानों से अपनी जमीन खोज रही है। वे रसातल में जा रहे हैं। इधर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की समृद्धि और विकास में रोड़े अटकाए। बता दें कि भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रही है। जिसमें पीएम मोदी के साथ ही देश और विदेश के कई उद्योगपति शिरकत करेंगे। दिग्विजय सिंह शुक्रवार को नीमच के दौरे पर थे। जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय ने कहा कि भाजपा सरकार में सोयाबीन के दाम घट रहे हैं। वहीं तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने काले धन को वापस लाने के मोदी के वादे और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का भी मुद्दा उठाया।



## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 9 घंटे थाने में बैठी रही महिला, टीआई के आश्वासन के बाद घर गई

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिला 9 घंटे तक पति के साथ पुलिस थाने पर बैठी रही। टीआई के आश्वासन के बाद महिला घर गई। जानकारी के अनुसार सनावदा निवासी मंजूबाई पति बाबूलाल गायरी के साथ रास्ते के विवाद में पड़ोसी संजय प्रजापत व उसके पिता ने मारपीट की थी। बीच-बचाव करने आए पति को भी पीटा था। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिया था। लेकिन शनिवार को दोपहर 12 बजे महिला पति के साथ पुलिस थाने पहुंच गई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। महिला का आरोप था कि पुलिस आरोपी को नही पकड़ रही है। हमारे साथ मारपीट हुई और हमारे खिलाफ ही प्रकरण दर्ज कर दिया। रात्रि 9 बजे टीआई विक्रमसिंह इवने ने थाना परिसर में बैठी महिला को आश्वासन दिया कि मारपीट करने वाले आरोपियों को थाने पर बुलाया गया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, इस आश्वासन के बाद महिला घर गई।

**दोनों पक्षों पर क्रास कायमी कर दी है:-** टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया दोनों पड़ोसियों का विवाद था, इस इस क्रास कायमी कर दी गई थी, लेकिन महिला की मांग थी कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला जाए। महिला को आश्वस्त कर दिया है।

## पोल लगाने के विवाद में पीटा, दम्पति पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बिजली का पोल लगाने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति पर केस दर्ज किया। सनावदा निवासी धापूबाई कुम्हार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बिजली विभाग को शिकायत कर रास्ते में आ रहे पोल को साइड में करने की बोला था, इसी बात को लेकर पड़ोसी मंजूबाई व उसके पति बाबूलाल धनगर ने गाली-गलौज की व पत्थर फेंके व लट्ठ से मारा, बीच-बचाव करने आए मेरे बेटे संजय के साथ भी मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दम्पत्ति पर केस दर्ज किया।

## बहू को पीटा, सास-ससुर सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बहू के साथ मारपीट करने वाले सास-ससुर व ननदों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। बरखेड़ा डांगी, हाल मुकाम बिल्लोद निवासी हेमा उर्फ हेमलता ब्राम्हण (24) ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने बरखेड़ा डांगी निवासी अभिषेक पिता अशोक सांवला से भोलेनाथ मंदिर रेवास में 2023 में शादी की थी। इसके बाद मैं पति के साथ रह रही थी। मैं शुक्रवार को पति के घर बरखेड़ा डांगी गई तो सास राजूबाई, ससुर अशोक, ननद पूजा व रक्षा ने मुझे बहू के रुप में स्वीकारने से मना कर दिया, गाली-गलौज की व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से मेरे कंधे, पैर व गाल पर चोंट आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## बंजारा और घुमंतु समुदाय काफी मेहनती है, दोनों समुदाय के लिए सागर लड़ाई लड़ रहा है इसलिए मैं इसे पसंद करता हूं-दिग्विजय

### मनासा आगमन पर पूर्व सीएम का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मनासा, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** घुमंतु समुदाय और बंजारा समाज काफी मेहनती है। आजादी के पहले से ही इन दोनो समुदायों ने देश को आजादी दिलाने में काफी योगदान दिया है। इनके कल्याण और उत्थान के लिए कांग्रेस सरकार ने जो योजनाएं बनाई थी उनको भाजपा आगे बढा नही पाई यह दुख की बात है। बंजारा समाज और घुमंतु समुदाय के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर सागर कछावा भी लगातार लडाई लड रहा है। इसके संघर्ष से ही में इसे पसंद करता हूं।

यह बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एंव राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह ने कहीं। वे मनासा प्रवास के दौरान गांव सावनकुंड में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी एंव कांग्रेस नेता आर.सागर कछावा के स्वागत कार्यक्रम के दौरान किसानों एंव कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बोल रहे थे। पूर्व सीएम ने कहा कि बंजारा समाज और घुमंतु समुदाय के लिए कांग्रेस ने पहले भी काफी योजनाएं लागु की थी। राज्य सभा सदस्य ने कछावा द्वारा बंजारा समाज के साथ ही आदीवासी किसानों के लिए कहा कि सागर के इस संघर्ष में भी साथ हूं। वहीं कछावा ने खिमला प्रोजेक्ट और चिता प्रोजेक्ट से संबंधित दस्तावेज भी दिए। और आदिवासी किसानों के साथ ग्रीन को कंपनी द्वारा की जा रही ज्यादतियों के बारे में भी बताया। पूर्व मुख्यमंत्री का कछावा के नेतृत्व में 5 क्विंटल फुलों की वर्षा कर कांग्रेस कार्यकर्ता और किसानों ने अगवानी की।



## ट्रक टेंकर से ढाई क्विंटल डोडा चूरा मिला, एक गिरफ्तार

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मादक पदार्थों की तस्करी का एक बड़ा मामला पकड़ा है। खुफिया सूचना के आधार पर टीम ने मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी टोल नाका पर हरियाणा नंबर के एक आयशर टैंकर को रोका। जांच के लिए टैंकर को सीबीएन कार्यालय ले जाया गया। वहां टैंकर के नीचे विशेष रूप से बनाई गई केविटी से 241 किलो 950 ग्राम अवैध डोडाचूरा के 22 बेग मिले। मामले में टीम ने टैंकर और मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है। एक आरोपी को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट, 1985 'एनडीपीएस एक्ट' के तहत गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है।

### रेवली देवली में डेढ़ माह पहले हुई चोरी का खुलासा...

## तीन आरोपी गिरफ्तार, नगदी व सोने चांदी के जेवर बरामद

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमच सिटी की टीम को करीब डेढ माह पहले ग्राम रेवली देवली में मकान से चोरी गये नगदी एवं सोने चांदी की रकम बरामद कर 03 आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 06.01.2025 को फरियादी शंकरलाल पिता नारायण नागदा निवासी रेवली देवली ने रिपोर्ट कि थी की दिनाकं 5-6/01/2025 को अज्ञात आरोपीगणों ने उसके मकान एंव दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखे नगदी रुपये एवं मकान में रखी आलमारी उठाकर ले गये जिसमें सोने चांदी की रकम रखी थी। उसके घर एवं दुकान से नगदी एवं सोने चांदी के जैवरात भी चोरी कर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नीमच सिटी पर अपराध क्रमांक- 05/2025 धारा 305 (ए).341 (4)बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक-20.02.2025 को मुखबीर की सूचना पर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगणों के कब्जे से प्रकरण में चोरी गये नगदी रुपये एवं सोने चांदी के जेवरात बरामद किये गये।पुलिस ने विशाल पिता बाबुराम हिरावत जाति- बांछडा उम्र 24 साल निवासी चडोली थाना नीमच सिटी,महेश पिता रामपाल सिंगावत जाति- बांछडा उम्र 18 वर्ष 08 माह निवासी ग्राम किशनपुरा थाना नीमच सिटी ओर रवि पिता रमेश बमणावत जाति- कंजर उम्र 18 साल 08 माह निवासी सारण का खेडा थाना माण्डलगढ हा.मु. रोशन बांछडा का किराये का मकान चडोली थाना नीमच सिटी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार रूपये नकद,500 ग्राम चांदी के जैवरात एंव आधा तोला सोने के जेवरात जप्त किए। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास पटेल, सहायक उपनिरीक्षक दयाल हाडा,प्रधान आरक्षक जितेन्द्र जगावत, प्रधान आरक्षक ईश्वर सिंह सिसौदिया, आरक्षक रामप्रसाद पाटीदार,आरक्षक लोकेन्द्र आर्य आरक्षक लक्की शुक्ला,आरक्षक सुनिल शर्मा, आरक्षक महेन्द्र कुमार,आरक्षक दशरथ थावरिया, सेनिक आजाद सिंह,सेनिक हरिवल्लभ सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।



# महाकुंभ: डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार निकली

**प्रयागराज, 22 फरवरी।** शनिवार को भी संगम पर आस्था हिलोर मारती दिखी। हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का रेला चल रहा है। आस्था के जनज्वार का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन में 12 बजे तक ही 71 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे। इसी के साथ महाकुंभ में कुल स्नानार्थियों की संख्या भी 60 करोड़ पार हो गई।



महाकुंभ के समापन में अब महज चार दिन शेष हैं। इसके अलावा साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में शनिवार को अधिक भीड़ की उम्मीद पहले से थी और इसकी झलक भी शुक्रवार शाम को दिख गई। श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह तो हर प्रमुख मार्ग पर लोग ही दिख रहे थे। मेला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिन में 12 बजे तक 71.18 लाख लोग स्नान कर चुके थे। वहीं शुक्रवार तक कुल 59।31 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह से शनिवार को दिन में 12 बजे तक ही 60.02 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके थे। जबकि, इसके बाद भी भीड़ लगातार बढ़ रही थी।

**41 दिनों में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान**–पौष पूर्णिमा स्नान के साथ 13 जनवरी को महाकुंभ की शुरुआत हुई थी। इस तरह से शनिवार तक 41 दिन हो गए। खास यह कि तारीख आगे बढ़ने के साथ संगम में डुबकी को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि इन 41 में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। इनमें भी सात दिन तो दो करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि 26 जनवरी से 22 फरवरी के बीच यानी, 28 में से 21 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। भीड को देखते हुए अगले चार दिनों तक भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

**लगातार आठवें दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान**–शनिवार को लगातार आठवां दिन रहा जब, एक करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पिछले शनिवार को ही यह सिलसिला शुरू हुआ था जो अब भी जारी है। इससे पहले 26 जनवरी से तीन फरवरी तक का ही समय रहा जब लगातार आठ दिनों तक हर रोज एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। जबकि, मौनी अमावस्या एवं वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व भी इसी दौरान पड़े थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार बना हुआ है। ऐसे में अगले दिन भी हर रोज एक करोड़ से ज्यादा लोगों के स्नान करने की उम्मीद है। यदि, ऐसा हुआ तो लगातार 12 दिनों तक स्नानार्थियों की संख्या हर रोज एक करोड़ से अधिक होगी।


**सेल्समेन की आवश्यकता**

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।

✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता

✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻

**प्रदीप मोबाईल**

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

रविवार 23 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356


समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।


फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in